>

Title: Need to set up a railway station for stoppage of trains either at Neema or Gopalur on Varanasi-Lucknow railway line in Partapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़): महोदय, वाराणसी एवं लखनऊ वाया जौनपुर-सुल्तानपुर के बीच जो रेलवे लाइन है इस रेलवे लाइन में मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ के उत्तरी हिस्सा का 18 किलोमीटर मार्ग पड़ता है, परंतु इस रेलवे लाईन पर से गुजरने वाली कोई भी रेलवे सेवा मेरे संसदीय क्षेत्र में नहीं रूकती है जिसके कारण वाराणसी एवं लखनऊ से आने-जाने वाले, मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ के उत्तरी क्षेत्र के लोगों को कोई फायदा नहीं है जबकि इस रेलवे लाईन पर प्रतापगढ़ में स्थित नीमा या गोपालपुर पर रेलवे स्टेशन या हाल्ट बनाकर इस रेलवे लाईन से गुजरने वाली रेल गाड़ियों को रोका जा सकता है। नीमा एवं गोपालपुर मेरे प्रतापगढ़ शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूर है अतः गोपालपुर या नीमा पर हाल्ट या रेलवे स्टेशन बनाकर मेरे प्रतापगढ़ जिले के उत्तरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को इस कार्य से फायदा हो सकता है। नीमा या गोपालपुर में हाल्ट बनाने के कार्य पर मैं अपने संसदीय क्षेत्र विकास कोष से मदद करने के लिए तैयार हूं।

अतः सदन के माध्यम से अनुरोध है कि वाराणसी एवं लखनऊ वाया जौनपुर-सुल्तानपुर के बीच रेलवे लाईन पर मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ के उत्तरी क्षेत्र में स्थित नीमा या गोपालपुर में एक रेलवे स्टेशन या रेलवे हाल्ट बनाकर यहां पर इस रेलमार्ग पर चलने वाली रेल सेवा का ठहराव किया जाए।